# महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए छत्तीसगढ़ शासन प्रतिबद्ध-वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी

- स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार के लिए महतारी वंदन योजना से किया जा रहा महिलाओं को लाभान्वित
- क्षेत्र में उच्च स्तरीय गुणवत्ता तथा उत्कृष्टता के लिए रायगढ़ में प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित
- महिला सशक्तिकरण अंतर्गत वित्तीय साक्षरता एवं क्रेडिट कैम्प आयोजित, 500 प्रकरण में 35 करोड़ रुपये का ऋण हुए स्वीकृत



**रायगढ़**

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आज नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, रायगढ़ एवं नगर पालिक निगम के सौजन्य से महिला सशक्तिकरण अंतर्गत वित्तीय साक्षरता एवं क्रेडिट कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें नाबार्ड एवं बैंक के माध्यम से 500 से अधिक प्रकरण में लगभग 35 करोड़ रूपये ऋण का वितरण दीदी, माता एवं बहनों को उनके नवाबिहान स्व-सहायता समूह के माध्यम से किया जा रहा है। मौके पर वित्त मंत्री चौधरी ने महिलाओं को बीमा दावा राशि का चेक एवं ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य को लेकर हमारी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य को समृद्ध और सशक्त करना है तो उसके लिए महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना होगा। इसके लिए महिलाओं के जीवन को सुगम बनाना, उन्हें शिक्षित करना और सुरक्षा के साथ ही उनके सम्मान की रक्षा सुनिश्चित करनी होगी। इन चीजों को ध्यान में रखकर ही केन्द्र एवं राज्य सरकार के नेतृत्व में लगातार इस दिशा में कार्य करते हुए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चलायी जा रही है, ताकि सभी माता एवं बहनें इसका लाभ उठा सके। स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराए जा रहे है ताकि वह स्वयं का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर व स्वावलंबी हो सके।

स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन आज महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रतिमाह महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रुपये उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय कर रही है। रायगढ़ में आने वाले दिनों में दीदी सदन का भी निर्माण होगा। पीएम आवास योजना के तहत 9 लाख से अधिक परिवारों को आवास हेतु राशि भी स्वीकृत हो जायेंगे।

पुसौर क्षेत्र में जिन किसानों को केलो डेम का पानी नहीं मिल पा रहा था, उसके लिए कार्ययोजना बनायी गई है और आगामी दिनों वहां किसानों के खेतों तक पानी मिलना शुरू हो जाएगा। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिले और वह आगे बढ़े, इसको लेकर हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है और शिक्षा के नित नए संस्थान प्रारंभ किए जा रहे है। रायगढ़ में प्रयास आवासीय विद्यालय का शुभारंभ भी हमारे इन्हीं प्रयासों की एक कड़ी है। उच्च स्तरीय गुणवत्ता तथा उत्कृष्टता का प्रतीक माने जाने वाले प्रयास आवासीय विद्यालय की स्थापना शिक्षा सत्र 2024-25 अंतर्गत रायगढ़ जिले में की गई है। आगामी दिनों में से रायगढ़ जिले में नालंदा परिसर का भी निर्माण होगा। जिससे यहां के बच्चों को उच्च स्तरीय पढ़ाई के लिए अब बड़े शहरों में जाना नहीं पड़ेगा। खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए जिले के विभिन्न जगहों में बॉक्स क्रिकेट चालू किए जा रहे है ताकि गांव का हर एक बच्चा स्वस्थ रहे एवं खेल की दिशा में आगे बढ़े।

राज्य सभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। केन्द्र सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कई योजनाएं संचालित कर रही है। इसलिए आज गांव-गांव में हर व्यक्ति का खाता खुलवाया गया, ताकि इन योजनाओं से जुड़कर महिलाओं को बैंक के माध्यम से सीधे उनके खाते में पैसा मिलता रहे। उन्होंने सभी महिलाओं को केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आव्हान किया।

इस अवसर पर मुकेश जैन, रत्थू गुप्ता, डिग्री लाल साहू, सुरेश गोयल, छ.ग.ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोड़ा, सहायक महाप्रबंधक अभाष कुमार सतपथी एवं अमरजीत सिंह खनूजा, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड डॉ.ज्ञानेन्द्र मणि, क्षेत्रीय प्रबंधक सौविक भद्रा, मनोज श्रीवास्तव सहित बैंक अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।


**अनवरत बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रही छ.ग.राज्य ग्रामीण बैंक**

क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के 10 क्षेत्रीय कार्यालयों में से एक है। जिसके अंतर्गत कुल 77 बैंक शाखाएं एवं 380 कियोस्क केन्द्र राज्य के 3 जिले रायगढ़, जशपुर एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अंतर्गत संचालित है। जिनके माध्यम से ग्रामीण अंचल एवं सुदूर क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में अनवरत बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जा रही है। जिनमें राज्य शासन एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे अटल पेंशन, लखपति दीदी, महतारी वंदन योजना, पीएम विश्वकर्मा, केसीसी आदि सम्मिलित है। बैंक में तकनीकी आधारित सभी सुविधाएं जैसे मोबाइल बैंकिंग, डीबीटी, आईएमपीएस, इंटरनेट बैंकिंग इत्यादि उपलब्ध है।

**वित्तीय समावेश एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका महत्वपूर्ण**

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक एक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, किसान एवं सामान्य ग्रामीण जनता की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है वहीं दूसरी ओर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण सुविधा प्रदान कर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को बढ़ाव देते हुए राज्य एवं देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। राज्य में वित्तीय समावेशन एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की भूमिका में सर्वथा महत्वपूर्ण है।

## आबकारी टीम सरसीवां ने 70 लीटर महुआ शराब और 2350 किलो लाहन किया जब्त



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता के निर्देश के तारतम्य में कलेक्टर धर्मेश साहू एवं जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम जिला सारंगढ़ -बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन में बुधवार को आबकारी वृत्त सरसीवा द्वारा सबरिया डेरा, सलौनीकला और सबरिया डेरा छिरचुवा (रायकोना) में कार्यवाही किया गया। सबरिया डेरा और छिरचुवा का दो प्रकरण बनाया गया जिसमें 70 लीटर कच्ची महुआ शराब और 2350 किलोग्राम लाहन जप्त किया गया है, जिसका कुल बाजार मूल्य एक लाख 24 हजार रुपए है।

## तमनार पुलिस ने ग्राम चितवाही में लगाया चलित थाना : रहवासियों को सुरक्षा, सतर्कता और सायबर अपराधों के संबंध में किया जागरूक




**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन कल, 11 सितंबर 2024 को थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांव के हमराह स्टाफ द्वारा ग्राम भ्रमण के दौरान ग्राम चितवाही में चलित थाना लगाया गया, जिसमें थाना प्रभारी के साथ सहायक उप निरीक्षक नरसिंग नाथ यादव और प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे ने रहवासियों से पुलिस से संबंधित शिकायतों पर चर्चा की। इस अवसर पर सुरक्षा, सतर्कता और कानून के पालन के मुद्दों पर व्यापक जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने गांववासियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सलाह दी कि वे बाहरी व्यक्तियों, फेरी वालों, और सोना-चांदी चमकाने वालों के प्रति सतर्क रहें। यदि किसी गतिविधि में संदेह हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करने की सलाह दी गई। सायबर क्राइम से संबंधित विशेष जानकारी भी प्रदान की गई, जिसमें ऑनलाइन धोखाधड़ी और सुरक्षा उपायों पर चर्चा की गई। इसके अलावा, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए गए, जिससे सड़क सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। पुलिस ने गांव में अवैध शराब, जुआ, और सट्टा गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की। इस चलित थाना कार्यक्रम से तमनार पुलिस ने गांववासियों को पुलिस सहायता के प्रति जागरूक किया और उन्हें विभिन्न सुरक्षा उपायों और कानूनी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया।

## जागरूकता : थाना प्रभारी धरमजयगढ़ ने छात्रों से की सुरक्षा, अनुशासन और जागरूकता पर खास चर्चा

- शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरमजयगढ़ में पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर 11 सितंबर 2024 को धरमजयगढ़ के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा छात्रों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षा, अनुशासन और नए कानूनों के प्रति जागरूक करना था। निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर, थाना प्रभारी धरमजयगढ़ ने छात्रों से कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिससे छात्राओं और शिक्षकों को समाज में बदलती चुनौतियों का सामना करने और उससे निपटने के लिए जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।




### महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान

कार्यक्रम में विशेष रूप से बच्चियों के प्रति घटने वाले अपराधों पर ध्यान केंद्रित किया गया। महिला पुलिस अधिकारी ने विद्यार्थियों को समझाया कि नए कानूनों के तहत महिलाओं और बच्चियों के प्रति होने वाले अपराधों की विवेचना किस प्रकार की जाती है। साथ ही, उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान गोपनीयता बनाए रखने का कितना महत्व होता है ताकि पीड़ित की पहचान और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### यातायात नियमों और साइबर अपराध पर जागरूकता

बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने के महत्व पर भी जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कैसे सही तरीके से यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है, जिससे समाज में एक सुरक्षित वातावरण का निर्माण हो सके।

साथ ही, सायबर अपराधों में हो रहे बदलावों और उनसे जुड़ी सावधानियों पर भी चर्चा हुई। छात्राओं को साइबर सुरक्षा के उपायों के बारे में बताया गया, ताकि वे इंटरनेट और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग कर सकें। साइबर अपराध के बढ़ते खतरे को देखते हुए इस विषय पर विशेष ध्यान देना आज की जरूरत बन गई है।

### विद्यार्थी जीवन और लक्ष्य निर्धारण पर चर्चा

इस कार्यक्रम में सिर्फ सुरक्षा के मुद्दों पर ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन और लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर भी चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य तय करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए किए जाने वाले प्रयासों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान नशापान से जुड़े खतरों, मानव तस्करी और उससे होने वाले गंभीर अपराधों पर भी चर्चा की गई, और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकगण स्टाफ और धरमजयगढ़ थाने के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के गरिमामय उपस्थिति में अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ समापन

- रोमांचपूर्ण और शानदार माहौल में फाइनल मुकाबले का हुआ आयोजन
- विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और सम्मान राशि से किया गया पुरूस्कृत





**रायगढ़**

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि आज रामलीला मैदान में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पहुंचे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने बल एवं शक्ति के प्रतीक भगवान हनुमान एवं रायगढ़ के कला सम्राट राजा चक्रधर के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर तथा फाइनल राउंड में पहुंचे सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सभी जनप्रतिनिधियों के गरिमामय उपस्थिति में अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता के अंतिम राउंड का आयोजन कराया गया।

रामलीला मैदान में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता में जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कुल 275 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें लगभग 70 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक और शानदार रहा। मुख्य अतिथि साहू ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले सभी वर्ग के विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया और शुभकामनाएं देते हुए सभी खिलाड़ियों को इसी तरह हमेशा पूरे उत्साह एवं खेल भावना से कुश्ती खेलने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिमा दुबे और एक अन्य कोच को गदा प्रदान कर भी सम्मानित किया गया।

कुश्ती प्रतियोगिता के समापन अवसर पर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने रायगढ़ जिले में पहुंचे देशभर के सभी पहलवानों का अभिनंदन किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित पूरे देश से आए सभी खिलाड़ियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों और आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि राजा चक्रधर सिंह का नाम हम सभी आज भी पूरे सम्मान के साथ याद करते हैं। उन्होंने बताया कि रायगढ़ की इस धरती पर कभी गामा पहलवान का भी मैच हुआ है। उन्होंने कहा कि खेल का मैदान गीता के कर्मयोग की तरह है। क्योंकि खेल के मैदान में कोई भी खिलाड़ी हार जीत की चिंता किए बिना खेल भावना से खेलता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में खेल के माध्यम से भी अपना एक बेहतर करियर बनाया जा सकता है, जो बहुत ही सौभाग्य की बात है। उन्होंने इस तरह के पुनीत खेलों के आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद दिया और कहा कि देशभर से आए विभिन्न खिलाड़ियों से मुझे मिलने का अवसर मिला यह मेरे लिए भी गौरव की बात है। उन्होंने जीते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा जो खिलाड़ी जीत से चूक गए उन्हें लगातार प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी के अथक प्रयास से आज यह सफल कुश्ती मैच का आयोजन हुआ है। उन्होंने जिले में बहुत ही बढ़िया कुश्ती मैच का आयोजन कराए जाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू का भी अपने व्यस्ततम समय से खिलाड़ियों के लिए समय निकालकर पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस अवसर पर रायगढ़ जिले में कुश्ती प्रतियोगिता के शुभारंभ होने के समय के बारे में जानकारी भी प्रदान की। इसी क्रम में रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया ने संबोधित करते हुए कहा कि आज रायगढ़ के इस भूमि में हर साल की तरह स्वर्गीय राजा चक्रधर सिंह की स्मृति में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गौरव की बात है कि आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी यहां कुश्ती खेलने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके रायगढ़ आगमन पर धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, रायगढ़ एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ महेश पटेल, जिला कुश्ती संघ से भाविका पांडे, दिनेश जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे।

**कुश्ती के मैदान में तैनात रही मेडिकल टीम**

कुश्ती दांव पेंच और जोर आजमाइश का खेल है। कई बार खेल के दौरान खिलाड़ियों को छोटी-मोटी चोटें लगती रहती है। इसको ध्यान में रखते हुए पूरी प्रतियोगिता के दौरान मैदान में प्राथमिक चिकित्सा सहायता के साथ एक मेडिकल टीम तैनात रही। जिससे खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। दूसरे प्रदेशों से पहुंचे खिलाड़ियों और कोचेस ने भी इसकी सराहना की।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU